सुबह–सुबह आकाश गंगा सब्जी मंडी में निगम की टीम ने दी दबिस

भिलाईनगर। आगशगंगा थोक पदाधिकारियो, विक्रेताओ, व्यापारियो एवं आम नागरिको के अनुरोध पर सुपेला आकाश गंगा सब्जी मंडी में कचरा संग्रहण हेतु ट्राली रखा गया। लोगो की शिकायत थी, खुले में कचरा रखने से जानवर इधर–उधर बिखेर देते है, बदबू फैलता है। सब के सुझाव पर ही रोज का रोज सब्जी का कचरा दो टाइम उठे इसी लिए स्पेशल बड़ा ट्राली बनवाकर रखा गया। जिसे ट्रेक्टर खीच कर संग्रहण स्थल तक ले जायेगा। जिस पर व्यापारी अपने दुकान का कचरा ट्राली में डाल सके। दोपहर को दुकान–दुकान से कचरा भी संग्रहण हो रहा है, व्यापारियो के पदाधिकारियो ने सहमति भी दी हम कचरा बाहर नहीं फेकेगे। उसी का निरीक्षण करने सुबह जोन आयुक्त येशा लहरे अपने दल के साथ निरीक्षण करने पहुंची। अपने आदत से मजबूर थोक विक्रेताओ द्वारा सड़क पर गंदगी डाली जा रही थी। कचरा भी ट्राली में न फेककर खुले में डाला जा रहा था। सड़क के उपर बीच में दुकाने लगाकर रास्ता जाम करके सब्जी का व्यवसाय भी किया जा रहा था। जिसे जाकर नगर निगम की टीम ने बंद कराया। छोटे व्यापारियो के साथ–साथ बड़े व्यापारी, पदाधिकारी, जिन्होने अपनी सहमति दी थी, कि हम रोड में कचरा नहीं फेकेगे, वो स्वयं कचरा फेकते हुए पाये गये। चालानी कार्यवाही करने के दौरान व्यापारिक संगठनो द्वारा एक अवसर और प्रदान करने की मांग की गई। उसी के आधार पर आज चालानी कार्यवाही नहीं की गई। आज आखरी चेतावनी था, कल से जो भी सब्जी व्यापारी रोड पर कचरा फेकेगा या रोड पर फैलाकर व्यापार करते हुए पाया जायेगा। उसके उपर अर्थदण्ड की कार्यवाही के साथ–साथ थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई जायेगी। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी व्यापारियो से अपील की है कि स्वच्छता में सब सहयोग करे। जब निगम व्यापारियो के मांग के अनुसार सुविधा प्रदान कर रही है, तो व्यापारी भी इसमें अपना सहयोग दे। कार्यवाही के दौरान जोन के स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग का अमला मौजूद था।